# राष्ट्रीय सेवा योजना

## शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद




1 दिसम्बर 2023 एड्स दिवस पर जिला अस्पताल से आए स्टाफ द्वारा एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया

## छात्रों को एड्स के बारे में घर, परिवार व समाज को जागरूक करने की दी सलाह

भास्कर न्यूज | बालोद



बालोद.घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर कॉलेज में एड्स दिवस मनाते हुए।

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर कॉलेज बालोद में राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईसीटीसी काउंसलर भाग्यलक्ष्मी थी। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जेके खलखो ने की। विशेष अतिथि माया पवार, वेदप्रकाश साहू , ईश्वरी मरकाम, प्राचार्य प्रो. डीआर वैद्य, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन खरे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाग्यलक्ष्मी एड्स के लक्षण,कारण और उसके बचाव के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. जेके. खलखो ने अपने आसपास को सुरक्षित रखने और एड्स के बारे में घर, परिवार,समाज को जागरूक करने की सलाह दी। एड्स जागरूकता कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रंगोली के माध्यम से एड्स के प्रति लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। कॉलेज परिसर में एड्स का मानव श्रृंखला बनाकर लोगों में जागरूक करने संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक विश्वजीत बघेल, राहुल निषाद, डिलेश्वर देशमुख, लोकेश्वर निर्मलकर, चंद्रेश यादव, लक्ष्कुमार साहू, त्रिवेणी राजपूत, कल्पना धनकर, रश्मि निषाद, दीपिका साहू, तृप्ति साहू ,बिनीता मांडवी, डेलिस कुमार,राजेश बक्शी, राधेश्याम, शशिकांत, राहुल साहू, शिवा, झमिता, यमित कुमार , देवेंद्र कुमार साहू, गजेंद्र ढीमर उपस्थित रहे।

एड्स दिवस



एड्स दिवस मानव श्रृंखला




जिला स्तरीय रक्तदान शिविर

# जिला स्तरीय रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का किया आयोजन



**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में मंगलवार को जिला स्तरीय रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जेके खलको और कार्यक्रम अधिकारी प्रो जीएन खरे एवं चिकित्सालय से आए अधिकारियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया । शिविर में महाविद्यालय के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने रक्त परीक्षण करवाया एवं 10 छात्रों के द्वारा प्रति यूनिट रक्तदान कर पुण्य कार्य किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है , रक्तदान करने से शरीर में रक्त की शुद्धि होती है एवं रक्तदान करने से शरीर की सभी महत्वपूर्ण जानकारियां भी मिल जाती है । स्वयंसेवक गजेंद्र ढीमर, राहुल निषाद और लक्ष कुमार ने बताया कि रक्तदान से शरीर को किसी भी प्रकार की हानि नहीं होती है और आपके शरीर में 24 घंटे के अंदर पुनः रक्त निर्माण हो जाता है । शिविर के दौरान स्वयंसेवक राहुल निषाद ने 13वीं बार रक्तदान एवं स्वयंसेविका बिनीता मंडावी ने महिला सशक्तिकरण का परिचय देते हुए प्रथम बार साथ ही डिलेश्वर सोनकर, पूनमचंद , विश्वनाथ, टोमेश कुमार, जोगेन्द्र कुमार, अमर नेताम ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में चंद्रेश यादव , डीपनारायण द्विवेदी, राजेश बक्शी, डेलिस कुमार , सौरभ, झमिता साहू , नवीन कुमार , प्रियंका, रामावतार , अजय, तनुजा, निशा खरे , हेमाक्षी साहू , उर्मिला इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित थे।



**2 अक्टूबर गांधी जयंती रासेयो एवं यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में तांदुला डेम पर स्वच्छता कार्य**

**गांधी और शास्त्री जयंती** : जलाशय के आसपास से प्लास्टिक कचरा निकाला

# महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में करें आत्मसात, स्वच्छता पर दें ध्यान



**बालोद@पत्रिका.** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन खरे ने गांधी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। मुख्य रूप से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था।

उन्होंने कहा कि उनके सपने को सभी भारतीयों को साकार करना है। बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत कहो, को अपने जीवन में चरितार्थ करें। एनएसएस और रेडक्रॉस यूनिट ने जूरीपारा के पीछे तांदुला जलाशय में जल संरक्षण और प्लास्टिक उन्मूलन का कार्यक्रम चलाया गया।

जलाशय के आसपास की प्लास्टिक, पाउच को जल से निकाला गया। लगभग 4 क्विंटल अपशिष्ट को बाहर कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार साहू, गजेंद्र ढीमर, डिलेश्वर देशमुख, चंद्रेश यादव, लक्ष कुमार साहू, डीपनारायण द्विवेदी, लाकेश, सुरेंद्र, राजेश बक्शी, डेलिस कुमार, कांक्षी, तृप्ति, दीपिका, बिनीता, पेमेश्वरी, पायल नेताम, पीयूष, शिवा कुमार, सौरभ, यूनिस कुमार, प्रिया साहू, झमिता साहू, नवीन कुमार, प्रियंका, रामावतार, अजय, तनुजा, निशा खरे आदि ने योगदान दिया।

# यूथ सीनियर वालिंटियर राहुल और लक्ष कुमार ने किया रक्तदान

**बालोद @ पत्रिका**. शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के यूथ सीनियर वॉलिंटियर राहुल निषाद और लक्ष कुमार साहू ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया।

राहुल निषाद ने 12वीं एवं लक्ष कुमार ने चौथी बार रक्तदान किया है। राहुल निषाद ने कहा कि रक्तदान करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि होती है। लक्ष कुमार ने कहा कि रक्तदान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी नहीं होती है। शरीर में शुद्ध रक्त का प्रवाह होता है। रक्तदान करने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जेके खलखो एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन खरे ने प्रसन्नता जताई।







रासेयो स्वयंसेवको द्वारा रक्तदान




## रासेयो मतदाता जागरूकता अभियान

स्टूडेंट्स और शिक्षकों ने मतदान करने का दिया संदेश

### शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित




**बालोद@ पत्रिका.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शनिवार को जिले के शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं एवं आम नागरिकों को विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित नारे लगाकर आमलोगों का शतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

लोकतंत्र का महापर्व : 18 वर्ष के स्वयं सेवकों को आईडी बनवाने किया प्रेरित

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने दिया संदेश, कहा- 17 को जरूर करें वोटिंग

**बालोद@पत्रिका.** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको की शनिवार को एनएसएस गतिविधि रखी गई, जिसमें मतदाता जागरूकता रैली निकली गई और मतदान संबंधित बातों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सीनियर स्वयंसेवक डिलेश्वर कुमार देशमुख ने सभी स्वयंसेवकों को जिनकी उम्र 18 वर्ष और उससे अधिक है, सभी को वोटर आईडी कार्ड बनवाने की बात कही। जिन स्वयंसेवकों का मतदाता परिचय पत्र बन चुका है, उन सभी को आने वाले 17 नवंबर को अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर मतदान देने की बात कही।

#### मतदान के महत्व को बताया

सीनियर स्वयंसेवक लक्ष कुमार साहू ने भी मतदाता जागरूकता से संबंधित नारा का वाचन किया और मतदान के महत्व को बताया उन्होंने कहा कि मतदान करना प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। एक-एक वोट समाज और देश के विकास के लिए कीमती है, इसलिए समाज के सभी वर्गों, जाति, धर्म, अमीर हो या गरीब सभी को मतदान देने जाना चाहिए और सही प्रत्याशी को वोट देने की बात कही। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर और जुर्री पारा में चुनाव संबंधित नारे का वाचन करते हुए जागरूकता रैली निकाली गई और सभी को 17 तारीख के मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

**स्वयंसेवकों ने किया प्रेरित :** राष्ट्रीय सेवा योजना के इस आयोजन में स्वयंसेवक देवर्षि बेलसर, लोकेश्वर निर्मलकर, डीपनारायण द्विवेदी, कांक्षी, यामिनी कुरेशिया, निशा खरे, मनीष, राधेश्याम, डेलिस, शशिकांत, राजेश बक्शी, तनुजा, दीपिका साहू, तृप्ति, कल्पना, नम्रता, निधि चंद्राकर, प्रियका मांडवी, बिनीता मांडवी, रामावतार, यूनिस कुमार, शिवा, नवीन कुमार इत्यादि सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन खरे के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न रहा।

2023.11.05 07



**24 सितंबर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया एवं स्वंसेवको को ''बी'' व ''सी'' प्रमाण पत्र का वितरण किया गया**



रासेयो का स्थापना दिवस

घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# स्वयंसेवक स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलें और अपने जीवन में अनुशासन भी रखें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बालोद. शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जेके खलखो, प्रभारी प्राचार्य प्रो. डीआर वैद्य थे। अध्यक्षता अधिकारी प्रो. जीएन खरे ने की। विशिष्ट अतिथि प्रो. जेआर नायक विभाग अध्यक्ष हिंदी एवं प्रो. लोमन टंडन विभाग अध्यक्ष इतिहास थे।

मुख्य अतिथि डॉ. जेके खलखो ने सभी स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की बात कही और अनुशासन की महत्ता से अवगत कराया। अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जीएन खरे ने कहा कि युवा ही राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का मंच है।

## रासेयो के बी और सी प्रमाण पत्र का वितरण

राष्ट्रीय सेवा योजना का बी एवं सी प्रमाण पत्र का वितरण मुख्य अतिथि डॉ. खलखो ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक देवेंद्र कुमार साहू, राहुल निषाद, गजेंद्र ढीमर, देवर्षि बेलसर, डिलेश्वर देशमुख, चंद्रेश यादव, लक्ष कुमार साहू, डीपनारायण द्विवेदी, मनीष, लाकेश, वंदना यादव, त्रिवेणी, कांक्षी, यामिनी कुरेशिया, तृप्ति, दीपिका, पल्लवी, बिनीता, हेमाक्षी आदि उपस्थित थे।

2023/9/26 09:58




## 10 दिसंबर मानव अधिकार दिवस मनाया गया







स्वच्छता संकल्प रासेयो महाविद्यालय बालोद




रासेयो स्वयंसेवको द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता कार्य